स्पष्ट है कि आज का बालक कल का एक जिम्मेदार नागरिक है जो स्वस्थ और विकसित समाज का निर्माणकर्ता है क्योंकि बालक के निर्माण की भूमिका में परिवार समाज एवं वृद्धों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। वृद्धों अपने अनुभवों से बालक के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में समाजीकरण के माध्यम से उसे एक सशक्त सामाजिक प्राणी एवं जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में स्थापित करते हैं। अपनी आने वाली पीढ़ियों को समाज की धरोहर के रूप में अपनी संस्कृतियों, रूढ़ियों, परम्पराओं एवं प्रथाओं को हस्तांतरित करके समाज को सुसंस्कृत समाज बनाये रखने हेतु एक निश्चित दिशा प्रदान कर लोगों को प्रेरित करते हैं। समाज में व्यक्ति का व्यक्तित्व निर्माण उसके अपने रहन—सहन, पालन—पोषण, परिस्थितियों एवं पारिवारिक वृद्धों के देख—रेख पर ही निर्भर करता है। बालक में पारिवारिक स्नेह, जिम्मेदारियाँ, सहअस्तित्व, सहिष्णुता व भाई—चारे की भावना का विकास वृद्धों के द्वारा ही प्रदान किये जाते हैं जो किसी भी बालक के कोमल मन—मस्तिष्क को प्रभावित करते है साथ ही समाज की विभिन्न गतिविधियों, प्रक्रियाओं एवं समस्याओं से अवगत कराना और उनका समाधान करना भी सिखाया जाता है। परिवार रूपी संरचना में वृद्ध मुख्य निर्णयकर्ता एवं संरक्षणकर्ता के रूप में अपनी भूमिकाओं का निर्वहन तो करते है इसके साथ ही समाज में लोगों में जीवन के महत्व एवं उपयोगी होने की सीख भी नयी पीढ़ी को वृद्धों के माध्यम से प्राप्त होती है। भारत देश में वृद्धों का महत्व अन्य देशों एवं पश्चिमी देशों की तुलना में अधिक है क्योंकि हमारे देश में आज भी परिवार में सबसे अधिक महत्व वृद्धों का ही है, ये उस वृक्ष के समान है जो फल तो नहीं दे पाते लेकिन जिनकी छत्रछाया में पूरा परिवार संचालित होता है जिनके आशीष एवं स्नेह से परिवार के सभी सदस्य प्रफुल्लित रहते हैं।

वर्तमान में औद्योगीकरण, नगरीकरण एवं आधुनिक जीवनशैली ने सामाजिक संरचना तथा सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन लाया है। यस्तम जीवन शैली एवं तीव्रगति से बढ़ रही भौतिकवादी एवं व्यक्तिवादी विचारधारा ने संयुक्त परिवार का विघटन कर एकाकी परिवार को जन्म दिया है। एकाकी परिवार में वृद्धि ने वृद्धों के जीवन को प्रभावित किया है जिसकी वजह से परिवार के सदस्यों का पूर्व की तुलना में वृद्धजनों के प्रति दृष्टिकोण भी परिवर्तित हुआ है। वृद्धों को वृद्धावस्था में भावनात्मक, शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं जीवन के प्रति परिवर्तित दृष्टिकोण आदि समस्याएँ हैं जो वृद्धों को समस्याग्रस्त जीवन व्यतीत करने हेतु मजबूर करती है। परम्परागत समाज में वृद्ध गहन श्रद्धा और सम्मान के पात्र समझे जाते थे लेकिन बदलते सामाजिक परिवेश में वृद्धों के सम्मान एवं प्रतिष्ठा में कमी आयी है। समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया निरंतर गतिशील

अवस्था में रहती है, जिससे मानव की प्रस्थिति एवं भूमिकाओं में समयानुरूप परिवर्तन स्वाभाविक है और इन्हीं परिवर्तन के फलस्परूप ही वह अनेक भूमिकाओं का निर्वहन भिन्न–भिन्न समय में करता रहता है जिस कारण समाज में उनकी महत्ता बनी रहती है।

वृद्ध राष्ट्र की मूल्यवान धरोहर है और ज्ञान एवं अनुभवों के अटूट भंडार भी है आज जिस तरह युवा वर्ग रोजगार प्राप्ति हेतु एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान की ओर पलायन कर रहे है ऐसे में वृद्धों को सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान करना समाज एवं शासन दोनों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

भारतीय परिवार में वृद्धों को संरक्षण व सुरक्षा प्रदान करने की परंपरा के कारण ही राज्य व केन्द्र सरकार को पश्चिमी समाजों के समान वृद्धजनों के संरक्षण का दबाव अपेक्षाकृत कम झेलना पड़ा है, परंतु आज भारतीय समाज भी तीव्र सामाजिक–आर्थिक परिवर्तनों से प्रभावित हो रहा है। औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप बढ़ते नगरीकरण तथा जनसंख्या की प्रवजन की प्रवृत्ति ने संयुक्त परिवार जाति व्यवस्था व ग्रामीण समुदाय जैसी वृद्धों को संरक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं को कमजोर किया है, साथ ही तकनीकी उन्नति, जनसंचार के साधनों के प्रभाव तथा उच्चस्तरीय गतिशीलता ने स्थापित जीवनशैली, पारम्परिक मूल्य व्यवस्था तथा वृद्धजनों की समाज में प्रथागत रूप से प्राप्त सम्मानजनक स्थान को भी प्रभावित किया है।

स्वतंत्रता के इतने वर्षो में शासन द्वारा संचालित योजना एवं विभिन्न वर्गों के लिये निर्धारित नीतियों के कारण शहर से गाँव तक सभी क्षेत्रों में परिवर्तन एवं विकास हुआ है। आज देश विकासशील अवस्था से विकसित अवस्था तक पहुँचने हेतु प्रयासरत है लेकिन आज भी समाज में अनेक समस्याएँ विद्यमान है जो देश की प्रगति एवं सामाजिक विकास में बाधक है और इन समस्याओं में प्रमुख समस्या वृद्धों की समस्या भी है जो पूरे विश्व में विकराल रूप धारण कर रही है। अतः समाज में वृद्धों के सम्मान एवं महत्व को यथावत बनाये रखने हेतु परिवार, समाज एवं शासन स्तर पर वृद्धों के महत्व एवं वृद्ध जीवन के मुद्दों को उच्चतम वरीयता देकर व्यवस्थित व नियोजित तरीके से इस चुनौती का सामना करने का प्रयास किया जाना चाहिये।

Reference

१. Bharat Shalini and Desai Murli, (1995) "Bibliography on Indian Family" p.241

२. Sharma K.L. (1970), "Education for seniar citizens" Indian Journal of Gerontology, 4 [3-4], p. 89-91.

३. अवधिया सुकन्या (२०००), ''परिवार में वृद्धों के सम्मान का निवासीय पृष्ठभूमि'' सामाजिक सहयोग पत्रिका पृ.१०

४. कर निवेदिता, (२००४),"The old women" अप्रकाशित शोध प्रबंध, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर, पृ. ०८

५. A. Yamunadevi, S. Sulaja, (2016) International Journal of Asian Social Science : Vol.6 No. 12, Dec. p. 698-704

६. व्यास शैलेन्द्र एवं शर्मा, (२०१३), एस. डी.(२०१३) भारतीय समाज मुद्दे एवं समस्याएं, निखिल पब्लिकेशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटरर्स आगरा, पृ. १५९–१६६

७. राव, बी.एस., (२००८) सामाजिक सहयोग पत्रिका, अंक–२ पृ. २६.

८. Rawat Harikrishana, (2008) Ency clopedia of Sociology Rawat publication Jaipur, p.no. 35.

९. सिंह वृन्दा, (१९९९), मानव विकास एवं पारिवारिक संबंध, पंचशील प्रकाशन नागपुर, पृ. ६५९.

१०. आहुजा राम, (२०११) भारतीय सामाजिक व्यवस्था, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, पृ. २०१३–२२७.

११. राजपुरिया अनिता, (२००३) मध्यमवर्गीय परिवार, समस्याएं एवं सामंजस्य, शताक्षी प्रकाशन रायपुर, पृ. १२७.

१२. Sharma, Pramod Kumar, (1990) The Changing role of the head of the joint family in rural Chhattisgarh, The journal of Sociological Studies, Vol.-9 January, p.31-44.

१३. Prasad, Samajik Sahyog patrika 2007, Vol. no. 2, p.6

Vidyawarta®
International Multilingual Research Journal
At.Post.Limbaganesh,Tq.Dist.Beed Pin-431126 (Maharashtra)

Certificate Of Publication

This is to certify that the review board of our research journal accepted the research paper/article titled "समाज में वृद्धों का महत्व" of Dr./Mr./Miss/Mrs. Dr. Pramila Nagwanshi

It is peer reviewed and published in the Issue 29 Vol. 02 in the month of Jan. To March 2019

Thank you for sending your valuable writing for Vidyawarta Journal

Indexed (IIJIF)
Impact Factor 5.131
Govt. of India Trade Marks Registry
ISSN-2319 9318

Editor in chief
Dr.Bapu G.Gholap

GOVT. OF INDIA RNI NO.: UPBIL/2015/62096

UGC Approved Care Listed Journal

ISSN 2229-3620

PIS

शोध संचार बुलेटिन

An International
Multidisciplinary
Quarterly Bilingual
Peer Reviewed
Refereed
Research Journal

Vol. 11

Issue 41

January to March 2021

Editor in Chief
Dr. Vinay Kumar Sharma
D. Litt. - Gold Medalist

sanchar
Educational & Research Foundation

UGC APPROVED
CARE LISTED JOURNAL
GOVT. OF INDIA RNI NO. - UPBIL/2015/62096

ISSN No. 2229-3620

शोध संचार बुलेटिन

AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY QUARTERLY BILINGUAL PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

• Vol. 11 • Issue 41 • January - March 2021

EDITORIAL BOARD

Prof. Surya Prasad Dixit
Lucknow University, Lucknow

Prof. Santosh Kumar Shukla
Jawahar Lal Nehru University, New Delhi

Prof. Karuna Shankar Upadhyay
Mumbai University, Mumbai

Prof. Abdul Alim
Aligarh Muslim University, Aligarh

Prof. Padam Kant
University of Lucknow

Prof. Sheela Mishra
Usmania University, Hyderabad

Prof. Shraddha Singh
Banaras Hindu University

Prof. Pawan Sharma
Meerut University, Meerut

Prof. Hemraj Sundar
Mahatma Gandhi Sansthan, Moka, Mauritius

Prof. Susheel Kumar Sharma
Mizoram University, Mizoram

Prof. Arbind Kumar Jha
BBA Central University, Lucknow

Prof. Nagendra Ambedkar Sole
Central University of Rajasthan

EDITOR IN CHIEF

Dr. Vinay Kumar Sharma
Chairman
Sanchar Educational & Research Foundation, Lucknow

PUBLISHED BY

sanchar
Educational & Research Foundation

CONTENTS

S. No.	Topic		Page No.
1.	छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता	डॉ0 महिमाती सालेन टोप्पो	1
2.	आधुनिक भारत में ग्रामीण समाज की यात्रा एवं सामाजिक परिवर्तन : समाजशास्त्रीय पाठ	डॉ0 विमल कुमार लहरी	6
3.	भारतीय समाज, संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण में डॉ0 राधाकमल मुकर्जी का सामाजिक पारिस्थिति की परिप्रेक्ष्य	डॉ0 कविता कन्नौजिया	11
4.	अटल आवास योजना का हितग्राहियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में योगदान (छत्तीसगढ़ के राजनांदगॉव जिलें के विशेष संदर्भ में)	रागिनी डॉ0 टाण्डेकर के. एल. डॉ0 भाटिया एच. एस.	15
5.	विश्व शांति के सन्दर्भ मे जैन दर्शन का अनेकान्तवाद	श्वेता जैन डॉ0 अनीता सोनी	20
6.	कोरोना काल में मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता पर योग का प्रभाव	डॉ0 अनीता सोनी सपना नरूका	24
7.	राष्ट्र के शैक्षिक व सामाजिक विकास में महात्मा ज्योतिबा फुले जी के चिन्तन का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन	डॉ0 सुरेश कुमार	28
8.	कहानी का नाट्यरूपान्तरण : एक सामान्य परिचय	राखी क्लेमन्ट	33
9.	अनकही अंभिव्यक्तियों का दस्तावेज : लोक साहित्य	अन्तिमा चौधरी	37
10.	वागड़ी बोलने वाले माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की लिखित हिन्दी में व्याकरणिक एवं संप्रेषणीय दक्षता के स्तर का अध्ययन	डॉ0 प्रियंका रावल	40
11.	छत्तीसगढ़ की उरॉव जनजाति–एक अध्ययन	डॉ0 पुष्पराज लाजरस शेख तस्लीम अहमद	45
12.	मुहरों पर गजलक्ष्मी का मूर्तिविधान	डॉ0 अर्चना मिश्रा	48
13.	पं. बालकृष्ण भट्ट का कृतित्व तथा उनकी हिंदी सेवा	डॉ0 अपराजिता जॉय नंदी	52
14.	हाई स्कूल स्तर में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृत्ति का अध्ययन	डॉ0 संगीता सराफ मोनिका चौबे	55
15.	पर्यावरण नैतिकता एवं अभिवृत्ति पर पर्यावरणीय जागरूकता का प्रभाव : उत्तराखण्ड के निवासियों के संदर्भ में	डॉ0 मानवेन्द्र सिंह सेंगर	59

16.	सन्त कबीर साहब कृत बोधसागर	श्रीमती अगम कुलश्रेष्ठ	64
17.	राष्ट्रभाषा हिन्दी के अनन्य साधक राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त	डॉ0 कल्पना यादव	69
18.	आजादी के बाद विकास और विसंगति का दंश 'डूब उपन्यास' के संदर्भ में	रविकान्त	73
19.	समग्र ग्रामीण विकास एवं योजनाएँ : भारत के सन्दर्भ में	सुनील कुमार ढ़ाका	76
20.	मध्य प्रदेश राज्य में ग्रामीण कौशल केंद्रों की रोजगार सृजन में भूमिका : इंदौर शहर के संदर्भ में ग्रामीण कौशल केंद्रों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन	तनुजा कुमारी	80
21.	कबीर के 'सबद' में व्यक्त भाषा–शैली	डॉ0 नागेश नाथ दास	85
22.	पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन में हिन्दी साहित्य का योगदान	डॉ0 नेहा अरोरा कपूर	89
23.	संयुक्त राष्ट्र संघ की पुनर्संरचना एवं भारत	डॉ0 प्रीतमराज	93
24.	बिहार में रोजगार के अवसर : प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत एक अध्ययन।	राकेश कुमार	97
25.	योगाभ्यास का विद्यार्थियों के संवेगात्मक परिपक्वता पर प्रभाव का अध्ययन	डॉ0 रामा यादव प्रियंका कुमारी	102
26.	जयपुर : ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल	डॉ0 सुमित मेहता	107
27.	राजस्थान के परम्परागत जल स्त्रोत	डॉ0 अमित मेहता	111
28.	छात्रावासी एवं गैर छात्रावासी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का शैक्षिक दुश्चिंता पर प्रभाव का अध्ययन	चंकी राज वर्मा डॉ0 (श्रीमति) संगीता शराफ	115
29.	कक्षा 7 वीं के अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पालक – बालक संबंध का उनके आत्मविश्वास पर प्रभाव का अध्ययन	प्रो. (डॉ.) परविन्दर हंसपाल डॉ. (श्रीमति) संगीता शराफ श्रीमती रीता चौबे	121
30.	भारत में जनजातीय चेतना : उद्भव एवं ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य	डॉ0 धीरज कुमार चौधरी सुरेश कुमार	126
31.	नारायणपुर जिले मे अबुझमाढ़िया जनजाति विद्यार्थियों के आर्थिक व पारिवारिक स्थिति का अध्ययन	श्रीमती लता कुर्रे डॉ0 बसंत नाग किरण नुरूटी	130

32.	आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी के निबन्ध	डॉ0 दुर्गेश कुमार राय	135
33.	साहित्यिक कृतियों का अनुवाद काव्य के संदर्भ में–	प्रो. शेख इस्माईल शेख हुसैन	139
34.	पुरूष उत्प्रवास एवं महिला सशक्तिकरण	विजय कुमार शुक्ल	143
35.	महिला अपराध : कानूनी प्राविधान एवं न्यायालय की भूमिका	अनिता सोनी	147
36.	लोक संगीत में रामकथा	डॉ0 इच्छा नायर	151
37.	सआदत हसन मण्टो और भीष्म साहनी की कहानी कला : एक तुलनात्मक अध्ययन	डॉ0 कैलाश पंवार	155
38.	विद्यार्थियों के विकास में माता–पिता की सहभागिता–एक अध्ययन	डॉ0 नलिनी मिश्रा अनुपम जायसवाल	159
39.	सामाजिक संबंधो के निर्माण में आर्थिक कारको की भूमिका (एक समाजशास्त्रीय अध्ययन)	डॉ0 प्रमिला नागवंशी	164
40.	'तमस' उपन्यास की साम्प्रदायिक समस्या	डॉ0 सुमन कुमारी	170
41.	हंसराज रहबर की दृष्टि में प्रेमचन्द का उपन्यास–साहित्य	किरन सिंह	173
42.	निराला के काव्य में माननीय मूल्य	डॉ0 इन्दु कनौजिया	178
43.	महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा का आलोचनात्मक अध्ययन	पुष्पा यादव	182
44.	अखिलेश की कहानियों में हाशिये का विमर्श	डॉ0 पूनम यादव	186
45.	वेदकालीन नारी–शक्ति का स्वरूप एवं उसके राजनैतिक एवं प्रशासनिक योगदान की प्रासंगिकता (वर्तमान के आलोक में)	डॉ0 (श्रीमती) वसुधा श्री	190
46.	चन्द्रकांता एक मूल्यांकन	डॉ0 डॉली पाण्डेय	195
47.	वैदिक मन्त्र जीवनोपयोगी शिक्षक एवं कर्त्तव्य बोधक	डॉ० पल्लवी सिंह	198
48.	भारत में महामारियों का इतिहास एवं उनका प्रतिरोध	श्री रविन्द्र कुमार	201
49.	छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि क्षेत्र में नवीन प्रौद्योगिकी का प्रयोग एवं फसल प्रतिरूप में परिवर्तन : एक विश्लेषण (जाँजगीर–चाम्पा जिले के विशेष संदर्भ में)	कु. सुमन लता राठौर डॉ0 महेश श्रीवास्तव	204
50.	ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति एवं अस्मिता बाराबंकी के गांव कोला गहबड़ी का एक समाजशास्त्री अध्ययन	श्वेता साहू	210

51.	ग्रामीण विकास में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम के योगदान से संबंधित अवधारणात्मक एवं सैद्धांतिक विकास	डॉ0 रीना गुप्ता उत्पल मिश्रा	215
52.	चन्देल मूर्तिशिल्प का कलागत विकास	डॉ0 अनीता कनौजिया	220
53.	कांकेर जिला (छ.ग.) के उच्च माध्यमिक स्तर के कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के मस्तिष्क गोलार्द्ध प्रभुत्व का उनके अधिगम शैली पर प्रभाव	डॉ0 प्रज्ञा झा आस्था शर्मा	223
54.	ग्रामीण परिवारों के सामाजिक विकास में संचार माध्यम : लखीमपुर तहसील के विशेष संदर्भ में	बृजेन्द्र कुमार वर्मा डॉ0 महेन्द्र कुमार पाढी	227
55.	विचित्र नाटक : वर्णन कौशल	डॉ0 ज्योति कौर	231
56.	फैजाबाद में आजादी की अलख जगाने वाले वीर क्रान्तिकारी मौलवी अहमदउल्ला शाह	रूपा श्रीवास्तव डॉ0 पूनम चौधरी	236
57.	तसव्वुफ / सूफ़िज़्म	डॉ0 समीना अफज़ाल	239
58.	डॉक्टर रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन	डॉ0 सुभाष चंद्राकर भारती चंद्राकर	244

ISSN - 2229-3620
UGC CARE LISTED JOURNAL
(PIS)

शोध संचार
बुलेटिन

January-March, 2021
Vol. 11, Issue 41
Page Nos. 164-169

AN INTERNATIONAL BILINGUAL PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

सामाजिक संबंधो के निर्माण में आर्थिक कारको की भूमिका (एक समाजशास्त्रीय अध्ययन)

❑ डॉ0 प्रमिला नागवंशी*

शोध सारांश

सामाजिक संबंधो के अभाव में किसी भी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज के निर्माण हेतु सामाजिक संबंधो का निर्माण होना प्राथमिक एवं अनिवार्य दशाएँ हैं। व्यक्ति अपनी आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु परस्पर सहयोग के माध्यम से अन्तःक्रियाएँ करते हैं जिससे सामाजिक संबंधो का जन्म होता है। धीरे–धीरे समाज का विकास, उन्नति एवं विस्तार हेतु अर्थ की महत्ता बढ़ते जाते हैं। आज प्रत्येक व्यक्ति भौतिकवादी विचारधारा से प्रभावित होकर आर्थिक सम्पन्नता एवं प्रगति की बाते अधिक सोचते हैं। क्या वर्तमान समाज में सामाजिक संबंध केवल अर्थ पर ही निर्भर करता है? क्या बिना अर्थ के सामाजिक संबंध निर्मित ही नहीं हो सकते? इस प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए यह अध्ययन कर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया है।

Keywords : सामाजिक संबंध, निर्माण, आर्थिक कारक, भूमिका

प्रस्तावना

मनुष्य को समाज में जीवन जीने हेतु विभिन्न आवश्यकताओ की पूर्ति करनी पड़ती है और आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वह अनेक व्यक्ति के संपर्क में आता है जो उनकी आवश्यकता पूर्ति में सहयोगी होते हैं। धीरे–धीरे निरंतर उद्देश्य पूर्ति के लिए बढ़ता संपर्क संबंधों का निर्माण कर विस्तृत और व्यापक होते जाते हैं तब संबंध सामाजिक संबंध के रूप में परिवर्तित होते हैं। जब दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच एक अंतःक्रिया होती है तब संबंधो का निर्माण होता है। सामाजिक संपर्क से सामाजिक क्रियाएं विकसित होकर सामाजिक संबंध स्थापित होती है। संबंध जब समान उद्देश्यों को पूरा करने वालों के बीच निर्मित होती है तो अधिक घनिष्ठ होते हैं। इसी तरह मनुष्य ने संपर्क में आकर संबंधो को निरंतर विकसित किया है।

जैसे–जैसे समाज विकसित होता गया लोगों के सामाजिक संबंधो में आर्थिक कारको की भूमिकाएँ भी बढ़ती गयी। आर्थिक कारक किसी भी समाज के विकास, उत्थान एवं प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारकों में प्रमुख कारक है क्योंकि अर्थ आवश्यकता पूर्ति का बहुत बड़ा माध्यम एवं स्रोत भी है। समकालीन समाज में सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न कारकों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण आर्थिक कारक को माना गया है। भारत ही नहीं बल्कि विश्व के सभी समाजों में समाज का विकास, उत्थान अर्थ पर ही निर्भर होता है।

भारतीय समाज विश्व में अपनी एक अलग ही पहचान रखता है यहां की संस्कृति, मूल्य, परंपराएं एवं मान्यताएं अन्य समाजों से सर्वथा भिन्न रही है जो इन्हें औरों से अलग करती है। लोग इस देश में चाहे कोई भी धर्म, जाति, सम्प्रदाय एवं रीति–रिवाज को मानने वाले हों, एकता सहिष्णुता एवं सौहार्द हमेशा से दृष्टिगोचर होते रहे हैं साथ ही संबंधो में आत्मीयता भी होती है।

प्रस्तुत शोध पत्र इसी प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए वि परिवर्तन के इतने वर्षों के पश्चात भी सामाजिक संबंधो के निर्माण में आर्थिक कारकों की कितनी भूमिका है? क्या केवल आर्थिक कारकों के आधार पर ही संबंध निर्मित होते हैं के अध्ययन पर आधारित है।

अध्ययन का महत्व –

प्रस्तुत शोध अध्ययन समाज में विभिन्न प्रकार की प्रस्थिति धारण करने वाले लोगों के मध्य निर्मित संबंध आर्थिक कारकों के आधार पर ही निर्मित होते हैं से संबंधित है इससे यह स्पष्ट होता है कि समाज में आज भी सामाजिक संबंध केवल आर्थिक कारकों के कारण ही निर्मित नहीं होती है बल्कि आपसी स्नेह, प्रेम एवं आत्मीयता दिखाई देती है जिसके कारण संबंध अपने आप निर्मित होते जाते है और घनिष्ठ भी। विशेषकर ग्रामीण समाज में आज विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन के फलस्वरूप सामाजिक संबंध केवल अर्थ पर आधारित नहीं है बल्कि ग्रामीण समाज भी विशेषता लिए

*सहायक प्राध्यापक – समाजशास्त्र, चन्द्रपाल डड़सेना शासकीय महाविद्यालय, पिथौरा, महासमुन्द (छ.ग.)

हुये है। सामाजिक, धार्मिक एवं अनेक क्रियाकलापों में सहभागिता निभाने की परंपरा आज भी विद्यमान है जो आर्थिक कारकों पर निर्भर नहीं करती बल्कि सामाजिक मूल्यों एवं संबंधों का विशेष महत्व होता है, परिवर्तन चाहे किसी भी क्षेत्र में हो परंतु सामाजिक संबंध अपनी मौलिकता लिये हुए है।

अध्ययन का उद्देश्य –

प्रस्तुत शोध पत्र में सामाजिक संबंधों के निर्माण में आर्थिक कारकों की भूमिका को ज्ञात करना उद्देश्य है।

अध्ययन पद्धति –

अध्ययन क्षेत्रीय सर्वेक्षण अध्ययन पद्धति के द्वारा किया गया है अध्ययन हेतु चयनित क्षेत्रों में जाकर उत्तरदाताओं से प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया, तथ्यों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची की सहायता से किया गया। शोध अध्ययन में अध्ययन पद्धति को तीन भागों में विभक्त कर प्रस्तुत किया गया है

(अ) **अध्ययन क्षेत्र का परिचय** – प्रस्तुत अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड पर आधारित है। आरंग विकासखण्ड रायपुर से 37 किमी. की दूरी पर पूर्व दिशा में स्थित है।

(ब) **उत्तरदाताओं का चयन** – शोध अध्ययन हेतु विकासखण्ड के 240 अलग–अलग आयु के महिला एवं पुरूष उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया है। अलग–अलग आयु और महिला एवं पुरूष दोनों उत्तरदाताओं के चयन से अध्ययन हेतु सूक्ष्म तथ्यों की पुष्टि हो सकी है।

(स) **तथ्य संकलन हेतु प्रयुक्त उपकरण एवं प्रविधि** – प्रस्तुत शोध पत्र में तथ्यों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची एवं अवलोकन प्रविधि के द्वारा एकत्रित किया गया है।

प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण, सारणीयन एवं विश्लेषण –

प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण पश्चात सारणीयन किया गया तथा सारणी के माध्यम से तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाला गया।

शोध प्ररचना –

शोध पत्र में अध्ययन हेतु विवरणात्मक शोध प्रारूप का प्रयोग किया गया है।

समस्या का प्रस्तुतीकरण –

तालिका क्रमांक–1

क्रमांक	लिंग	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	पुरूष	120	50
2.	महिला	120	50
	योग	**240**	**100**

तालिका क्रमांक–1 से ज्ञात होता है कि सामाजिक संबंधों के निर्माण में आर्थिक कारकों की भूमिका संबंधी अध्ययन में कुल उत्तरदाताओं में 50 प्रतिशत पुरूष उत्तरदाताएँ एवं 50 प्रतिशत महिला उत्तरदाताएँ सम्मिलित हैं। महिला एवं पुरूष दोनों प्रकार के उत्तरदाता होने से दोनों के संबंध में सूक्ष्म एवं गहन अध्ययन प्राप्त करने में सहायता मिली है।

तालिका क्रमांक–2
उत्तरदाताओं की आयु संबंधी विवरण

क्रमांक	आयु	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	20–30	29	12
2.	30–40	45	19
3.	40–50	113	47
4.	50–60	34	14
5.	60–70	19	8
	योग	240	100

हुये है। सामाजिक, धार्मिक एवं अनेक क्रियाकलापों में सहभागिता निभाने की परंपरा आज भी विद्यमान है जो आर्थिक कारकों पर निर्भर नहीं करती बल्कि सामाजिक मूल्यों एवं संबंधों का विशेष महत्व होता है, परिवर्तन चाहे किसी भी क्षेत्र में हो परंतु सामाजिक संबंध अपनी मौलिकता लिये हुए है।

अध्ययन का उद्देश्य –

प्रस्तुत शोध पत्र में सामाजिक संबंधों के निर्माण में आर्थिक कारकों की भूमिका को ज्ञात करना उद्देश्य है।

अध्ययन पद्धति –

अध्ययन क्षेत्रीय सर्वेक्षण अध्ययन पद्धति के द्वारा किया गया है अध्ययन हेतु चयनित क्षेत्रों में जाकर उत्तरदाताओं से प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया, तथ्यों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची की सहायता से किया गया। शोध अध्ययन में अध्ययन पद्धति को तीन भागों में विभक्त कर प्रस्तुत किया गया है

(अ) **अध्ययन क्षेत्र का परिचय** – प्रस्तुत अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड पर आधारित है। आरंग विकासखण्ड रायपुर से 37 किमी. की दूरी पर पूर्व दिशा में स्थित है।

(ब) **उत्तरदाताओं का चयन** – शोध अध्ययन हेतु विकासखण्ड के 240 अलग–अलग आयु के महिला एवं पुरूष उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया है। अलग–अलग आयु और महिला एवं पुरूष दोनों उत्तरदाताओं के चयन से अध्ययन हेतु सूक्ष्म तथ्यों की पुष्टि हो सकी है।

(स) **तथ्य संकलन हेतु प्रयुक्त उपकरण एवं प्रविधि** – प्रस्तुत शोध पत्र में तथ्यों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची एवं अवलोकन प्रविधि के द्वारा एकत्रित किया गया है।

प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण, सारणीयन एवं विश्लेषण –

प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण पश्चात सारणीयन किया गया तथा सारणी के माध्यम से तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाला गया।

शोध प्ररचना –

शोध पत्र में अध्ययन हेतु विवरणात्मक शोध प्रारूप का प्रयोग किया गया है।

समस्या का प्रस्तुतीकरण –

तालिका क्रमांक–1

क्रमांक	लिंग	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	पुरूष	120	50
2.	महिला	120	50
	योग	**240**	**100**

तालिका क्रमांक–1 से ज्ञात होता है कि सामाजिक संबंधों के निर्माण में आर्थिक कारकों की भूमिका संबंधी अध्ययन में कुल उत्तरदाताओं में 50 प्रतिशत पुरूष उत्तरदाताएँ एवं 50 प्रतिशत महिला उत्तरदाताएँ सम्मिलित हैं। महिला एवं पुरूष दोनों प्रकार के उत्तरदाता होने से दोनों के संबंध में सूक्ष्म एवं गहन अध्ययन प्राप्त करने में सहायता मिली है।

तालिका क्रमांक–2

उत्तरदाताओं की आयु संबंधी विवरण

क्रमांक	आयु	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	20–30	29	12
2.	30–40	45	19
3.	40–50	113	47
4.	50–60	34	14
5.	60–70	19	8
	योग	240	100



उत्तरदाताओं की आयु संबंधी विवरण तालिका क्रमांक–2 से ज्ञात होता है कि अध्ययन हेतु 20–30 वर्ष तक के आयु वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 12 है, 19 प्रतिशत 30–40 आयु वर्ग के, 47 प्रतिशत 40 से 50 आयु वर्ग के, 50 से 60 वर्ग के 14 प्रतिशत उत्तरदाताएँ तथा 8 प्रतिशत 60 – 70 आयु वर्ष के उत्तरदाताएं सम्मिलित हैं इस तरह से युवा से लेकर वृद्ध तक अलग–अलग आयु वर्ग के सभी उत्तरदाताएँ अध्ययन में सम्मिलित है।

तालिका क्रमांक–3
उत्तरदाताओं की शिक्षा संबंधी जानकारी

क्रमांक	शैक्षणिक स्तर	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	प्राथमिक	13	5.4
2.	माध्यमिक	23	9.5
3.	हाईस्कूल	47	19.5
4.	हायर सेकण्डरी	73	30.4
5.	स्नातक	42	17.5
6.	स्नातकोत्तर / पी.जी.डी. सी.ए. / अन्य	33	14.0
7.	अशिक्षित	09	3.7
	योग	**240**	**100.00**



प्रस्तुत तालिका क्रमांक–3 के विवरण से यह स्पष्ट होता है कुल उत्तरदाताओं में सबसे अधिक 30.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हायर सेकेण्डरी स्तर की शिक्षा प्राप्त की है। लगभग 3.7 प्रतिशत उत्तरदाताएं अशिक्षित भी है। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले उत्तरदाताएं 5.4 प्रतिशत, माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले 9.5 प्रतिशत उत्तरदाताएं, 14 प्रतिशत स्नातकोत्तर, पी.जी.डी.सी.ए. एवं अन्य तथा 17.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्नातक स्तर की शिक्षाएं प्राप्त की है। इसी तरह 19.5 प्रतिशत उत्तरदाताएं माध्यमिक शिक्षा प्राप्त किये हैं। अतः अलग–अलग शिक्षा का स्तर उत्तरदाताओं की अध्ययन में तथ्य संकलित करने हेतु लाभदायक रहीं है।

तालिका क्रमांक–4
उत्तरदाताओं की रोजगार संबंधी विवरण

क्रमांक	रोजगार	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	प्राइवेट नौकरी	31	13
2.	सरकारी नौकरी	63	26
3.	व्यवसाय	55	23
4.	मजदूरी	26	10
5.	सेवानिवृत्ति	12	5
6.	बेरोजगार	33	14.7
7.	अन्य	20	8.3
	योग	**240**	**100.00**



उपरोक्त तालिका क्रमांक–4 से स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में सबसे अधिक 23 प्रतिशत उत्तरदाताएँ व्यवसाय करते है जिसके अंतर्गत कुछ छोटे, कुछ मध्यम एवं कुछ बड़े व्यवसाय में संलग्न है। प्राइवेट नौकरी करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 13 है, सरकारी नौकरी करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 26, मजदूरी करने वाले उत्तरदाता 10 प्रतिशत, 5 प्रतिशत सेवानिवृत्त उत्तरदाता, 13.7 प्रतिशत बेरोजगार हैं जबकि 8.3 प्रतिशत उत्तरदाताएं अन्य काम के अंतर्गत दैनिक वेतन भोगी कार्य करते है। इस प्रकार अलग–अलग रोजगार प्राप्त करने वाले उत्तरदाताओं से उनकी सामाजिक संबंधो के बारे में जानकारियाँ प्राप्त होती है। 33 प्रतिशत उत्तरदाताएं अभी भी बेरोजगार है जिन्हें किसी प्रकार का रोजगार प्राप्त नहीं है इनमें से कुछ युवा उत्तरदाताएं रोजगार हेतु प्रयासरत हैं।

तालिका क्रमांक–5

सामाजिक संबंधो के निर्माण में आर्थिक कारकों का आवश्यक होना संबंधी जानकारी

क्रमांक	आवश्यक होना	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	बहुत अधिक	88	36.6
2.	कुछ हद तक	121	50.4
3.	बिल्कुल नहीं	31	13
	योग	240	100.00



तालिका क्रमांक–05 से ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में 36.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने ही संबंधो के निर्माण में आर्थिक कारकों की भूमिका को बहुत अधिक महत्वपूर्ण बताया है इन उत्तरदाताओं का कहना है कि बिना अर्थ के समाज में उच्च प्रस्थिति प्राप्त करने वाले जिनकी आर्थिक स्थिति भी उच्च रहती है के साथ सामाजिक संबंध अच्छे से निर्मित नहीं हो पाती है क्योंकि उनके सोच विचार एवं जीवन शैली अलग होती है। 50.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सामाजिक संबंधों के निर्माण में यह जानकारियाँ दी कि कुछ हद तक ही संबंधो के लिये आर्थिक कारक आवश्यक है। इन उत्तरदाताओं का कहना है कि भारतीय सामाजिक व्यवस्था की संरचना ही अन्य समाजों से अलग करती है। भारत देश गांवों का देश होने के कारण लोगों में सामुदायिक भावना एवं एक दूसरे के प्रति आत्मीयता भरा स्नेह प्राप्त होती है जहाँ प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से किसी न किसी रूप में घनिष्ठता से बंधे होते हैं। 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपनी राय में आर्थिक कारकों को सामाजिक संबधो के निर्माण हेतु बिल्कुल भी नहीं माना है। इनका मानना है कि समाज में संबंधों का निर्माण करना मानवीय प्रवृत्ति है लोग जहाँ होंगे वहां संबंध अपने आप निर्मित हो जाते हैं। अतः अध्ययन से स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में 63.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सामाजिक संबंधों के निर्माण में आर्थिक कारक की भूमिका को महत्वपूर्ण नहीं माना है।

निष्कर्ष –

उपरोक्त वर्णन से यह स्पष्ट होता है कि आर्थिक कारकों की भूमिकाएँ समाज के विकास में महत्वपूर्ण रहे हैं परंतु अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि आज भी संबंधों के निर्माण एवं निर्वहन में व्यक्तियों के बीच आपसी प्रेम, घनिष्ठता, स्नेह एवं आत्मीयता समाज के लोगों में विद्यमान है जो इस समाज को अन्य समाजों से पृथक करती है जिनके आधार पर सामाजिक संबंध निर्मित होते है।

सन्दर्भ :–

1. Mishra, J.P., (2013), "Agricultural Economics", Sahitya Bhavan Publication Agra, P. 530
2. शैलेश चौबे, नरेन्द्र शुक्ल (2006), भारत में आर्थिक सुधार आवश्यकता प्रभाव व सुझाव अध्ययन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स दिल्ली, पृ. 1–20

...सुरिया, अनिता (2010), मध्यमवर्गीय परिवार ...स्याएँ एवं सामंजस्य, शताक्षी प्रकाशन, रायपुर, पृ ...-190

...vastav Shuchi, (2015) The Economics status ...the : A study in Anthropological Gerono.

...वृन्दा (1998), मानव विकास एवं परिवारिक ...-पंचशील प्रकाशन नागपुर, पृ 659

...राम, (2011), भारतीय सामाजिक व्यवस्था, रावत ...पब्लिकेशन, जयपुर, पृ 213-227.

...Jyoti, (2007) Social change & control ...covery publishing house Jaipur, P.No. 2 to 5

8. Mahatma, K.C. (1993), Socio-economic status of the aged- A case study. man in India, 73 (3) P. 201-213

9. Patel, Mehul, (2019), E-commerce : A learning on benefits and challenges in a developing Economy in India, Printing Area : Interdisciplinary multilingual Referecal Journal. P.No. 33 to 38

10. Alterkar, Samajik Sahayog Patrika. 2014 Vol. No. III, P.No. 20-30

11. Panikar, K.M. (1956), "Hindu society at the crossroads". Asion publishing house Newyork, P. 5-30

❑❑❑

रिसर्च पेपर (Research Paper) श्रीमति प्रतिमा चन्द्राकर						
S.No.	Title of Paper	Name of the Authors	Department of the teacher	Name of Journal	Year of Publication	ISSN Number
1	प्रेमचंद के साहित्य में नारी	श्रीमति प्रतिमा चन्द्राकर	हिन्दी	प्रिंटिंग एरिया	2019	23945 303
2	सूरदास का भ्रमर गीत और वियोग श्रृंगार	श्रीमति प्रतिमा चन्द्राकर	हिन्दी	विद्या--वार्ता	2020	2319 9318

32

सूरदास का भ्रमर गीत और वियोग श्रृंगार

श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर
सहायक प्राध्यापक— हिन्दी
चन्द्रपाल डड़सेना शा. महाविद्यालय पिथौरा,
जिला— महासमुंद (छ.ग.)

श्रीमती सीमा प्रधान
सहायक प्राध्यापक— हिन्दी,
महाप्रभु वल्लभाचार्य शा. महाविद्यालय
महासमुंद (छ.ग.)

भक्तिकाल को हिन्दी काव्य साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है । इस काल के कवियों ने भक्ति की गंगा—यमुना बहाते हुए उच्चकोटि के ग्रंथो की रचना की । इन कवियों में मुख्य रूप से सूरदास, तुलसीदास, कबीरदास, मीराबाई, रसखान आदि का नाम उल्लेखनीय है । भक्तिकाल में सगुण और रामकाव्य के अंतर्गत जिन कवियों ने राम को अपने काव्य के केन्द्र में रखा उनमें तुलसीदास जी का नाम सर्वप्रथम है तथा कृष्ण काव्य के अंतर्गत जिन कवियों ने कृष्ण की लीलाओं को अपने काव्य के केन्द्र में रखा उनमें सूरदास जी का नाम सर्वोपरि है । आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार— ''जिस प्रकार रामचरित का गान करने वाले कवियों में गोस्वामी तुलसीदास जी का स्थान सर्वश्रेष्ठ है उसी प्रकार कृष्ण चरित गाने वाले कवियों में महात्मा सूरदास का । वास्तव में ये हिन्दी काव्य गगन के सूर्य और चन्द्र है ।''(१)

सूरदास जी कृष्ण के अनन्य भक्त थे । उन्होंने कृष्ण लीलाओं के रूप में वात्सल्य एवं श्रृंगार का अनोखा एवं अद्‌भूत चित्रण किया है । वात्सल्य के रूप में कृष्ण के बाल्यकाल के विभिन्न बाल—सुलभ चेष्टाओं का अद्वितीय वर्णन किया जो पाठक के मन को रस—विभोर कर देती है जैसे— चन्द्रमा को खिलौने के रूप में माँगना, यशोदा मैया से चोटी कब बढ़ेगी पूछना, घुटनों के बल चलना, अपने बंशी और खिलौने के प्रति प्रेम रखना, मुख पर दधि लेप किए हुए दौड़ना, मुख में ब्रम्हाण्ड दिखाना, और कहीं अपने पैर के अंगूठे का रसपान करना आदि । वात्सल्य के साथ ही सूरदास जी ने श्रृंगार के दोनों पक्षों संयोग और वियोग पक्ष का भी सजीव एवं सरस चित्रण अपने काव्य में किया है । सूरदास को वात्सल्य एवं श्रृंगार वर्णन में जितनी सफलता मिली उतनी किसी और कवि को नहीं । आचार्य शुक्ल के अनुसार— ''श्रृंगार और वात्सल्य के क्षेत्र में जहाँ तक इनकी दृष्टि पहुंची वहाँ तक और कोई किसी कवि का नहीं ।''(२)

श्रृंगार के संयोग पक्ष का वर्णन उन्होंने राधाकृष्ण तथा गोपियों के मिलन के रूप में किया है तथा वियोग पक्ष का वर्णन उन्होंने भ्रमरगीत सार के रूप में किया है ।

भ्रमर गीत सूरदास की रचना 'सूरसागर' का ही अंप है और इसका मुख्य स्त्रोत श्रीमद् भागवत् है । इस कथा में मुख्य रूप से श्रीकृष्ण के मथुरा गमन कृष्ण द्वारा उद्धव को गोपियों को योग शिक्षा देने के लिये गोकुल भेजना तथा उद्धव का योग शिक्षा भुलकर— गोकुल के प्रेम से पुलकित होकर कृष्ण को संदेश सुनाने तक की कथा का वर्णन है ।

भ्रमर गीत में सर्वप्रथम उद्धव ब्रज में आगमन के पश्चात नंद यशोदा को कृष्ण का संदेश सुनाते हैं, तत्पश्चात राधा और गोपियों से योग शिक्षा की चर्चा करने लगते हैं, उसी समय एक भ्रमर वहाँ उड़ते हुए आता है, उसी भ्रमर को संबोधित करते हुए गोपियाँ कृष्ण और उद्धव को उलाहना देती हैं, उसी कारण इस प्रसंग का नाम ''भ्रमर गीत'' पड़ा है । भ्रमर गीत मुख्य रूप से विरह काव्य है । कृष्ण वियोग में दग्ध गोपियों की विरह दशा का मर्मस्पर्शी चित्रण सूरदास जी ने किया है । आचार्य शुक्ल के अनुसार— ''श्रृंगार रस का ऐसा सुन्दर उपालम्भ काव्य दूसरा नहीं है ।''(३)

गोपियाँ कृष्ण की अनुगामिनी है, उद्धव गोपियों

को जब योग की शिक्षा देने लगते है तब गोपियाँ कृष्ण से अनन्य प्रेम का परिचय देती हैं, वे कहती हैं– हम तो कृष्णार्पित हैं उनके अलावा हम किसी और को नहीं जानती, हम तो नन्दगांव के रहने वाले हैं । हमारा नाम गोपाल है, जाति कुल सब गोप है और यहाँ के हम सारे गोप–गोपाल की उपासना करते हैं –

''हम तो नंदघोष के वासी ।
नाम गोपाल, जाति कुल गोपहि,
गोप–गोपाल–उपासी ।''(४)

गोपियाँ कृष्ण की एकनिष्ठ प्रेमिकाएँ हैं । वे प्रेम और भक्ति की प्रतिष्ठा के ऐसे ऐसे तर्क देती हैं कि उद्धव निरूत्तर हो जाते हैं । वे गोपियाँ मनसा, वाचा, कर्मणा कृष्ण प्रेम का परिचय देती हुई कहती है कि– यदि हमें कृष्ण मिल जाये तो हमें हमारे प्रेम की प्राप्ति हो जायेगी और यदि नहीं मिलें तो भी संसार हमारा यशगान करेगा । इस तरह हमारा जीवन तो दोनों ओर से ही सार्थक हो जायेगा । गोपियों का कृष्ण साधारण मानव नहीं है और न ही गोपियों का प्रेम साधारण है वे तो कृष्ण प्रेम की साक्षात् प्रतिमूर्ति हैं, वे उद्धव से कहती है–

''हम तो दुहूँ भाँति फल पायो ।
को ब्रजनाथ मिलै तो नीको नातरू जग जस गायो ।।
कहाँ वै गोकुल की गोपी, सब बरनहीन लघुजाती ।
कहँ वै कमला के स्वामी संग मिल बैठी एक पाँती ।।''(५)

निर्गुण निराकार ब्रम्ह को मानने वाले उद्धव गोपियों को योग की शिक्षा देने लगते है । उनके पास योग के पक्ष में अनेक तर्क है, उन तर्कों का खण्डन करते हुए वियोगिनी गोपियाँ अपनी तीखी वाणी से उद्धव का उपहास करती हैं । योग को निस्सार प्रमाणित करते हुए तिरस्कृत करती हैं और सगुण का मण्डन करती है । प्रो. शर्मा के अनुसार– ''भ्रमरगीत की सृष्टि–गोपियों राधा के विरह के चित्रण के लिए तो हुई ही है साथ ही निर्गुण के खण्डन और सगुन के मण्डन के लिए भी हुई है ।''(६)

गोपियाँ उद्धव को उलाहना देती हुई कहती है– उद्धव तुम तो एक व्यापारी की तरह अपने सिर पर ज्ञान की गठरी बाँधकर लाये हो और ये गठरी तुम्हारे खुद के लिए ही बोझ है । यह तुम्हारा ज्ञान फटकन और खारे कुंए के पानी की तरह है और हमारे कृष्ण स्वर्ण के समान बहुमूल्य और दूध की तरह मीठा और सरस है । वे व्यंग्य करती हुई कहती हैं–

''आयो घोष बड़ो व्यापारी ।
लादि खेप गुन–ज्ञान जोग की ब्रज में आन उतारी''(७)

इतना ही नहीं गोपियाँ अपनी वचनवक्रता एवं चतुराई का परिचय देते हुए आगे और कहती हैं–

''जोग ठगौरी ब्रह न बिकै है ।
यह व्यापार–विहारो उधों ! ऐसोई फिरि जैहै ।।
जावै लै आर हो मधुकर ताके उर न समैहै ।
दाख छाड़ि के कटुक निबौरी को अपने मुख खैहै ।।''(८)

गोपियों की निष्ठा, विश्वास, प्रेम, एकलीनता कृष्ण के प्रति अटूट है । गोपियाँ उद्धव को अपने वाक् चातुर्य से पराजित करती हुई लगती है । गोपियों के कथन– वाग्वैदग्धपूर्ण है जो मन को छू लेती है । आचार्य शुक्ल के अनुसार–''सूरसागर का सबसे मर्मस्पर्शी और वाग्वैदग्धपूर्ण अंश भ्रमरगीत है, जिसमें गोपियों की वचनवक्रता अत्यंत मनोहारिणी है ।''(९)

कृष्ण का सगुन साकार–स्वरूप ही गोपियों का प्रेम है, इसीलिए जब उद्धव उनसे योग शिक्षा की बाते करते हैं तो उन्हें वो खरी–खरी सुनाती हुई कहती है कि– यह योग हमारे किसी काम का नहीं हैं, इसे तुम ही गाँठ बाँधकर रखों, कहीं ऐसा न हो कि योग तुमसे ही छूट जाये ।

''उधो ! जोग बिसरि जनि जाहु ।
बाजहु गाँठि कहुँ जनि छूटै फिर पाछे पाछिताहु ।।
ऐसी वस्तु अनुपम मधुकर । मरम न जानै और ।
ब्रजवासिन के नाहि काम की तुम्हरे ही है ठौर ।''(१०)

मानव मन की विशेषता है कि सुख के समय आस–पास की वस्तुएं भी खुशियाँ बांटती दिखाई देती है किन्तु दुःख के समय वही वस्तुएं काँटती हुई सी दिखाई देती है, वैसी ही गोपियों को संयोगावस्था में जो वस्तु बहुत प्रिय लगती थी वियोगावस्था में वही वस्तुएं कष्टकारक और बहुत अप्रिय लगने लगती है । कृष्ण के संग जो उपवन मनोहर प्रतीत होता है वही उपवन अब शत्रु बनकर अग्नि की लपटों की तरह हो

गया है । कृष्ण के वियोग में उन्हें यमुना का बहना, पक्षियों का कलरव, कमल का खिलना, भौंरों का गुँजार करना, सब कुछ व्यर्थ सा जान पड़ता है । यहाँ तक शीतलता प्रदान करने वाली वस्तुएं भी सूर्य की तरह दाहक दिखाई पड़ती है । गोपियाँ विरहदग्ध होकर कहती है—

"विन गोपाल वैरनि भई कुंजे ।
तव ये लता लगति अति शीतल,
अव भई विषय ज्वाल की पूंजे ।
वृथा वहति जमुना, खग बोलत,
वृथा कमल फूलै, अलि गुंजे ।
पवन पानि घनसार संजीवनि दधिसुत किरन भानु भई भुंजे ।।"(११)

भ्रमरगीत में कुब्जा प्रसंग का भी वर्णन है, गोपियाँ कुब्जा के प्रति सौतियाडाह से ग्रसित है । एक कुबरी और कुरूप दासी जो कंस के लिए नित्य केसर चंदन का तिलक बनाती थी, उस कुब्जा को कृष्ण ने सौंदर्यवती बना दिया । अब वह कृष्ण की अनुरागिनी वन उसको तिलक लगाती है । गोपियों का कुब्जा के प्रति असुया भाव है । कृष्ण के कुब्जाप्रेम पर गोपियाँ व्यंग्य करती हुई कहती है कि कृष्ण ने हमारे रूप, गुन, गति सब हर लिया वदले में हमें कुछ भी नहीं दिया । उसी कृष्ण को कुब्जा ने तनिक केसर चंदन का तिलक लगाकर अपने वश में कर लिया, ये सुनकर हमारे हृदय को शीतलता प्राप्त हुई । गोपियों का कटाक्ष इस पद में दृष्टव्य है—

"वरू वै कुब्जा भलौ कियौ ।
सुनि—सुनि समाचार— उधो मो कछुक सिरात हियो ।।
जाको गुन गति नाम रूप हरि हारयो, फिर न दियो ।
तिन अपनो मन हरत न जान्यो, हँसि—हँसि लोग जियो ।।
सूर तनक चंदन चढ़ाय तन, ब्रजपति वस्य कियो ।
और सकल नागरि—नारिन को दासी दाँव लियो ।।"(१२)

भ्रमरगीत सार के अंत में गोपियों को निर्गुण का उपदेश देने वाला उद्धव खुद ही गोपियों के तर्कशक्ति के आगे झुककर सगुणवादी होकर वापस कृष्ण के पास आते हैं और कहते हैं कि हे प्रभु ! आपने मुझ पर दयाकर गोपियों के पास भेजा था । अव मेरा मन शान्त, निश्चल और स्थिर हो गया है—

"अव अति पंगु भयो मन मेरे ।
गयो वहाँ निर्गुन कहिवे को,
भयो सगुन को चेरो ।।"(१३)

निष्कर्षत: 'भ्रमरगीत निर्गुण पर सगुण का वुद्धि पर हृदय का और योग पर भक्ति की विजय कथा है । वास्तव में सूर के काव्य में ज्ञान, भक्ति और प्रेम का सहज रूप में समन्वय है ।

संदर्भ :—

(१) शुक्ल, आचार्य रामचन्द्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास, कमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ— १२२.

(२) वही, पृष्ठ— १२२—१२३.

(३) संपा. शुक्ल रामचन्द्र : सूरदास कृत भ्रमर—गीत—सार, विश्वभारती प्रकाशन, नागपुर : २०१२, पृष्ठ— ४०.

(४) वही, पृष्ठ— ६४.

(५) वही, पृष्ठ— २८.

(६) संपा. शर्मा राजकुमार : सूरदास और भ्रमरगीत, कॉलेज बुक डिपो जयपुर : २०११, पृष्ठ— १००.

(७) संपा. शुक्ल, आचार्य रामचन्द्र : सूरदास कृत भ्रमर—गीत—सार, विश्वभारती प्रकाशन, नागपुर : २०१२, पृष्ठ— ६५.

(८) वही, पृष्ठ— ६५.

(९) शुक्ल, आचार्य रामचन्द्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास, कमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ— १२५.

(१०) संपा. शुक्ल रामचन्द्र : सूरदास कृत भ्रमर—गीत—सार, विश्वभारती प्रकाशन, नागपुर : २०१२, पृष्ठ— ४५

(११) वही, पृष्ठ ८१.

(१२) वही, पृष्ठ— ६८.

(१३) वही, पृष्ठ— १५९.

❑❑❑

https://www.behtarlife.com/2016/02/digital-india-its-impact-on-villages.html

1- https://www.techactive.in/what-is-digital-india/

2- https://www.hindikiduniya.com/essay/digital-india-essay-in-hindi/

3- https://www.researchgate.net/publication/324248393_ An _ Overview _ of _ Digitalization _ of_Rural_India_ and_Its_ Impact_ on_ the _ Rural_EconomyAn_O...

❐ ❐ ❐

25

प्रेमचंद के साहित्य में नारी

श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर

सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)

चन्द्रपाल डड़सेना शास. महाविद्यालय पिथौरा

जिला— महासमुंद

कहा जाता है कि यदि हमें इतिहास को जानना है तो उस युग की साहित्य का अध्ययन करना चाहिए । साहित्य समाज का दर्पण होता है, और हम साहित्य के माध्यम से उस समय के समाज का अध्ययन कर सकते है, क्योंकि साहित्य अपने समय के जनमानस की अभिव्यक्ति करता है । आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कहा है कि— 'प्रत्येक देश का साहित्य वहॉ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है'[१] दूसरे शब्दों में कहे तो समाज में घटित घटनाओं, समस्याओं, प्रथा, परम्पराओं, आचार—विचार की जानकारी साहित्य से प्राप्त की जा सकती है ।

हिन्दी के उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं में उनके समय के समाज के परिदृश्य का जीवंत एवं यथार्थ वर्णन मिलता है । उस परिदृश्य में पूरे भारतीय जनमानस के समस्याओं का वर्णन मिलता है, खासकर ग्रामीण परिवेश का । प्रेमचंद जी की रचनाएँ लाकानुभव पर आधारित है जिसे उन्होंने साहित्य में पूरे लालित्य के साथ प्रस्तुत किया है । उन्होंने देश की प्रमुख समस्या अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, किसानों का शोषण, नारी शोषण, आदि पर अपने कलम से प्रहार किया है ।

प्रेमचंद जी ने स्त्री जीवन की परिस्थितियों एवं उनके शोषण के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हे अपनी रचनाओं में विभिन्न रूपों में स्थान दिया । उन्होंने विधवा विवाह, बेमेल विवाह, स्त्री शिक्षा, दहेज प्रथा, वेश्यावृत्ति आदि को यथार्थ रूप में अपने रचनाओं में

धनिया, मुन्नी, सकीना, सुखदा, सुमन, जालपा आदि ऐसी ही नारी पात्र है ।

निर्मला प्रेमचंद जी की दहेज प्रथा और बेमेल विवाह पर लिखा गया उपन्यास है । दहेज प्रथा के कारण इस उपन्यास की प्रमुख पात्र निर्मला का विवाह टूट जाता है और तीन पुत्रों के पिता तोतेराम से उनका विवाह होता

है । तोतेराम शंकालू प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो अपने पुत्र एवं पत्नी के संबंधों पर शंका करता है, जो पुत्र के प्राणांत का कारण बनता है । निर्मला त्याग एवं सेवा की प्रतिमूर्ति है, वह पति के संदेह करने पर भी सौतेले पुत्र की प्राणरक्षा के लिए रक्त देने अस्पताल जाती है । उसके पति को अपनी गलती पर पश्चाताप होता है, तब वह कहता है— "आज तक वह मेरी भोग की वस्तु थी, आज से वह मेरी भक्ति की वस्तु है । मैंने तुम्हारे साथ बड़ा अन्याय किया है, क्षमा करों ।"[२]

गबन की जालपा देशभक्त और स्वाभिमानी है, वह क्रांतिकारियों के प्रति सम्मान भाव रखती है, वह अपने पति जो क्रांतिकारियों के विरूद्ध गवाह बन जाता है और चौदह लोगों में एक को फांसी और शेष को आठ—आठ साल की सजा करा देता है— को कायर कहते हुए अपने पति रमाकांत से कहती है—"अगर तुम सख्तियों और धमकियों से दब सकते हो तो तुम कायर हो, तुम्हें अपने को मनुष्य कहने का अधिकार नहीं । क्या सख्तियां की थी जरा सुनु ! लोगों ने तो हंसते—हंसते सिर कटा लिए" ....[३] ।

इस उपन्यास की जालपा के माध्यम से प्रेमचंद ने झूठ का साथ न देकर सच का साथ देकर पति का हृदय परिवर्तन करने वाली स्त्री का चित्रण किया है ।

गोदान उपन्यास की धनिया निडर, साहसी एवं न्यायप्रिय महिला है, वह सत्य के आगे किसी से नहीं डरती । गाय की मृत्यु पर दरोगा रिश्वत के पैसे न मिलते देखकर धनिया को खिसिया कर बालते है कि हीरा को फंसाने के लिए तुमने ही गाय को जहर दे दिया तब वह निडर होकर कहती है— "हॉ दे दिया ! अपनी गाय थी, मार डाली, फिर किसी का जानवर तो नहीं मारा ? तुम्हारे तहकीकात में यही निकलता है, तो यह लिखों, पहना दो मेरे हाथ में हथकड़ियां तुम लिया तुम्हारा न्याय और तुम्हारे अक्कल की दौड़ । गरीबों का गला काटना दूसरी बात है, दुध का दुध और पानी का पानी करना दूसरी बात ।"[४]

गोदान में मेहता के माध्यम से प्रेमचंद जी ने अपने नारी संबंधी विचार व्यक्त करते हुए कहते है— "जब पुरूष में नारी के गुण आ जाते है तो वो महात्मा बन जाता है, और अगर नारी में पुरूष के गुण आ जाये तो वो कुल्टा बन जाती है ।"[५] इस वाक्य के माध्यम से प्रेमचंद जी कहना चाहते है कि नारी प्रेम और पवित्रता की मूर्ति है, जो मौन रहकर तथा अपने को मिटाकर पति का अंश बनती है लेकिन पुरूष में वह सामर्थ्य नहीं कि अपने को मिटा सकें । प्रेमचंद जी ने इस वाक्य के माध्यम से नारी को पुरूष के समकक्ष नहीं बल्कि पुरूष से श्रेष्ठ माना है । प्रेमचंद जी नारी के मातृत्व रूप को सबसे बड़ी तपस्या माना है । उन्होंने नारी के मातृत्व रूप को सबसे श्रेष्ठ माना है । गोदानमें उन्होंने धनिया, सिलिया, झुनिया, कामिनी आदि के माध्यम से नारी मातृत्व रूप का चित्रण किया है । मातृत्व के संबंध में वे लिखते है कि— "नारी मात्र माता है और उसके उपरांत वो जो कुछ है वह सब मातृत्व का उपक्रम मात्र । मातृत्व विश्व की सबसे बड़ी साधना, सबसे बड़ी तपस्या, सबसे बड़ा त्याग और सबसे महान विजय है ।"[६] प्रेमचंद जी ने स्त्री के त्याग एवं दया जैसे गुणों के कारण उन्हें पुरूषों से हमेशा श्रेष्ठ माना है । वे एकनिष्ठ प्रेम के समर्थक है, उस प्रेम पर प्रेमी के अतिरिक्त किसी और का अधिकार नहीं मानते प्रेम के संबंध में उन्होंने लिखा है कि— "प्रेम सीधी—सादी गुरू नहीं, खूंखार शेर है, जो अपने शिकार पर किसी की दृष्टि भी नहीं पड़ने देता । श्रद्धा तो अपने को मिटा डालती है और अपने मिट जाने को ही अपना भगवान बना लेती है, प्रेम अधिकार करना चाहता है ।"[७] वे भारतीय नारियों का पश्चिम की नारियों की तरह स्वच्छंदता को शुभ नहीं मानते ।

सेवासदन की सुमन, पति की निर्दयता के कारण घर से निकलकर वेश्यावृत्ति को अपना लेती है, लेकिन अपने नारित्व पर ऑच नहीं आने देती । वहां से निकलकर वह विधवा आश्रम तथा सदन के घर

